# सेवा भारती अवध प्रान्त

ई -पत्रिका

## समाज-दर्पण

विक्रम संवत 2081 मार्च -मई 2025




**सेवा भारती (त्रैमासिक पत्रिका) मार्च -मई 2025**

WWW.SEWABHARATIAWADH.ORG


23 MAY 2025 SEWA BHARTI E-bulletin

# मेरी भूलों से मत उलझो !

-भगवती चरण वर्मा

मेरी भूलों से मत उलझो, जनम जनम का मैं अज्ञानी !
काँटों से निज राह सजाकर,
मैंने उस पर चलना सीखा,
श्वांसों में निःश्वास बसाकर
मैंने उस पर पलना सीखा,
गलना सीखा मैंने निशि-दिन
निज आँखों का पानी बनकर,
अपने घर में आग लगाकर
मैंने उसमें जलना सीखा।
मुझे नियति ने दे रक्खी है पागलपन से भरी जवानी !
मेरी भूलों से मत उलझो, जनम जनम का मैं अज्ञानी !
लगातार मैं पीता जाता, भरता जाता मेरा प्याला !
मैं क्या जानूँ क्या है अमृत ?
क्या जानूँ क्या यहाँ हलाहल ?
खारा-खारा नीर उदधि का,
मीठा-मीठा है गंगा-जल !
सुनने को तो सुन लेता हूँ,
कड़ुए-मीठे बोल जगत के,
तड़प-तड़प उठती है बिजली,
बरस-बरस पड़ते हैं बादल !
कौन पिलाने वाला, बोलो, कौन यहाँ पर पीनेवाला ?
लगातार मैं पीता जाता, भरता जाता मेरा प्याला !

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
## अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बेंगलुरु 2025
## 23 मार्च 2025




**संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में संकल्प**

**विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण**

अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृशक्ति सहित संतों, धर्माचार्यों, तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कर्तृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार–चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ रहा है।

काल के प्रवाह में राष्ट्र जीवन आए अनेक दोषों को दूर कर एक संगठित, चारित्र्यसंपन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव तक ले जाने हेतु परम पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारम्भ किया। संघकार्य का बीजारोपण करते हुए, डॉ हेडगेवार ने दैनिक शाखा के रूप में व्यक्ति निर्माण की एक अनूठी कार्यपद्धति विकसित की, जो हमारी सनातन परंपराओं व मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण का नि:स्वार्थ तप बन गया। डॉ उनके के जीवनकाल में ही इस कार्य का एक राष्ट्रव्यापी स्वरूप विकसित हो गया। द्वितीय सरसंघचालक पूजनीय श्री गुरुजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रीय जीवन के विविध क्षेत्रों में शाश्वत चिंतन के प्रकाश में कालसुसंगत युगानुकूल रचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

सौ वर्ष की इस यात्रा में संघ ने दैनिक शाखा द्वारा अर्जित संस्कारों से समाज का अटूट विश्वास और स्नेह प्राप्त किया। इस कालखंड में संघ के स्वयंसेवकों ने प्रेम और आत्मीयता के बल पर मान–अपमान और राग–द्वेष से ऊपर उठ कर सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया। संघकार्य की शताब्दी के अवसर पर हमारा कर्त्तव्य है कि पूज्य संत और समाज की सज्जन शक्ति जिनका आशीर्वाद और सहयोग हर परिस्थिति में हमारा संबल बना, जीवन समर्पित करने वाले नि:स्वार्थ कार्यकर्ता और मौन साधना में रत स्वयंसेवक परिवारों का स्मरण करें।

अपनी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परंपराओं के चलते सौहार्दपूर्ण विश्व का निर्माण करने के लिए भारत के पास अनुभवजनित ज्ञान उपलब्ध है। हमारा चिंतन विभेदकारी और आत्मघाती प्रवृत्तियों से मनुष्य को सुरक्षित रखते हुए चराचर जगत में एकत्व की भावना तथा शांति सुनिश्चित करता है।

संघ का यह मानना है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अतः हमारा कर्त्तव्य है कि सभी प्रकार के भेंदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण , पर्यावरणपूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिष्ठित परिवार, 'स्व'बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज, का चित्र खड़ा करने के लिए हम सब संकल्प करते हैं । हम इसके आधार पर समाज के सब प्रश्नों का समाधान, चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्रजीवन खड़ा कर सकेंगे।
अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सज्जन शक्ति के नेतृत्व में संपूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

# सेवा होलिकोत्सव: रंगों के साथ सेवा और संस्कार का संगम



**लखनऊ, 12 मार्च 2025 — सेवा भारती अवध प्रांत, लखनऊ विभाग** द्वारा आयोजित **'सेवा होलिकोत्सव'** ने इस बार होली के पर्व को सामाजिक सौहार्द, सेवा और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ते हुए एक नई दिशा दी। यह भव्य आयोजन महामना मालवीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विवेक खंड, गोमती नगर में बुधवार को सायं 5:30 बजे से आरंभ हुआ।

कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि श्री युद्धवीर जी (क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश)** ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सेवा भारती द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे को प्रगाढ़ करने का माध्यम है।" उन्होंने सनातन संस्कृति में होली के महत्व को भी रेखांकित किया।

**रंग, संस्कृति और सेवा का समावेश**

कार्यक्रम में लखनऊ शहर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में परिवारों सहित नागरिकों ने भाग लिया। भजन संध्या, सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ और पारंपरिक होली गीतों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर सेवा भारती के विभिन्न सेवा प्रकल्पों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला





सशक्तिकरण, और निर्धन वर्ग के उत्थान के प्रयासों की जानकारी दी गई।

**सामाजिक समरसता की मिसाल**

कार्यक्रम में **पुष्कर बद्री सर्राफ जी** के विशेष सहयोग से समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया। आयोजकों ने बताया कि सेवा भारती केवल त्योहार नहीं मनाती, बल्कि इन आयोजनों के माध्यम से सेवा, संस्कार और समाजोत्थान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करती है।

**समापन और शुभकामनाएँ**

समारोह के समापन पर सभी उपस्थितों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आयोजकों ने सभी आगंतुकों का हृदय से आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा-उन्मुख आयोजनों के संकल्प को दोहराया।

# सेवा भारती अवध प्रांत की वार्षिक योजना बैठक सम्पन्न

## संघ शताब्दी वर्ष की योजना एवं सेवाकार्यों की नई रणनीतियों पर हुआ मंथन




**नैमिषारण्य (सीतापुर), उत्तर प्रदेश –** सेवा भारती अवध प्रांत की वार्षिक योजना बैठक पंचमुखी हनुमत धाम के समीप स्थित गायत्री पीठ में **प्रांतीय अध्यक्ष रवींद्र गंगवार की अध्यक्षता** एवं **प्रांत मंत्री रजनीश गुप्ता** के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत संगठन मंत्र एवं गीत के साथ हुई।

बैठक के **प्रथम सत्र** में **पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सेवा प्रमुख युद्धवीर जी** ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सार, संघ शताब्दी वर्ष योजना के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों, सेवा भारती अवध प्रांत की उपलब्धियों एवं अद्यतन सेवाकार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। प्रांत सेवा प्रमुख देवेंद्र अस्थाना जी ने प्रतिनिधि सभा के विशेष प्रस्ताव को सदन में प्रस्तुत किया। **द्वितीय सत्र** में **प्रांत संगठन मंत्री भास्कर जी** द्वारा सेवा कार्यों की प्रभावी रणनीति, विविध आयामों में सहभागिता, और कार्यों की सफलता हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। **तृतीय सत्र** में **शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, स्वावलंबन, प्रचार, प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन** जैसे विभिन्न आयामों की वार्षिक योजनाएं प्रस्तुत की गईं।






विस्तृत योजना के अंतर्गत कार्यों को चरणबद्ध तरीके से संचालित करने पर बल दिया गया। **समापन सत्र** में **प्रांत अध्यक्ष रवींद्र गंगवार जी** ने आगामी वर्ष की कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न विभागीय बैठकों के आयोजन की तिथियों के निर्धारण का आह्वान किया। प्रांत मंत्री रजनीश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने बैठकों की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त करते हुए आगामी माह में इन बैठकों के आयोजन का प्रस्ताव रखा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांत स्तर के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोरमा दीदी, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, लालाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष एम. बी. राजावत,

प्रचार प्रमुख अभिषेक जी, स्वास्थ्य प्रमुख डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, सामाजिक प्रमुख डॉ. सत्य नारायण जोशी, स्वावलंबन प्रमुख त्रिभुवन जी, प्रशिक्षण प्रमुख राम मोहन गुप्त, आपदा प्रबंधन प्रमुख सूर्य प्रकाश तिवारी,रोजगार भारती अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। **कल्याण मंत्र** के साथ यह वार्षिक योजना बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी सेवा कार्यों हेतु नई ऊर्जा और दिशा निर्धारित की गई।

# सेवा भारती लखीमपुर द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं वृद्धाश्रम सेवा कार्यक्रम संपन्न



**लखीमपुर खीरी , उत्तर प्रदेश –** वाल्मीकि मंदिर, पंडित पुरवा, लखीमपुर खीरी में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। **इस शिविर में कुल 75 रोगियों की जांच एवं उपचार किया गया।** उपस्थित रोगियों को आवश्यक परामर्श देने के साथ-साथ उन्हें प्रेम कपूर सेवा भारती धर्मार्थ चिकित्सालय, आवास विकास में फॉलो-अप के लिए प्रेरित किया गया।

**शिविर के दौरान स्थानीय जनसमुदाय को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं,** जैसे कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय, नियमित जांच का महत्व, पोषण संबंधी जानकारी आदि। यह कार्यक्रम जनसामान्य के स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इस शिविर में प्रमुख रूप से सेवा देने वाले **चिकित्सकों** एवं **स्वयंसेवकों** में शामिल रहे: **डॉ. रविंद्र वर्मा, डॉ. सुशील वर्मा, श्री सज्जनगढ़, मनोज श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, राजेश तिवारी, संदीप तुषार मौर्य, शिवम शुक्ला** एवं **मोहल्ले के अन्य गणमान्य नागरिक**। शिविर के उपरांत सेवा भारती की टीम ने देवपुरा स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया, जहाँ उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को खाद्य सामग्री जैसे कि बिस्किट, नमकीन, केला आदि का वितरण





किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों द्वारा सेवा भारती कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

इस विशेष दिन पर, सेवा भारती के कार्यकर्ता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुजुर्गों द्वारा तिलक कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद भी प्रदान किया गया, जिससे वातावरण आत्मीयता एवं भावनात्मक ऊर्जा से भर उठा।

**कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. डी. के. वर्मा, विभाग संरक्षक, सीतापुर विभाग, अवध प्रांत द्वारा किया गया।** सेवा भारती के इस मानवता परक सेवा कार्य की क्षेत्रीय जनसमुदाय ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

**"सेवा का ये पर्व है पावन, मानवता का साथ लिए,**
**हर दुख में बनें हम साथी, सच्ची श्रद्धा साथ लिए।**
**जहाँ जरूरत, वहाँ हम हों – यही हमारा प्रण है,**
**हर दिल में आशा भर देना, सेवा भारती का मन है।"**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में प्रारंभ



**बेंगलुरु, 21 मार्च 2025– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)** की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में प्रारंभ हुई। यह बैठक **21 से 23 मार्च** तक आयोजित की जा रही है, जिसमें **संघ** के **सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले** सहित लगभग **1480** प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**शताब्दी वर्ष की तैयारियाँ**

इस वर्ष **संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण** हो रहे हैं। विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में शताब्दी वर्ष के दौरान संघ कार्य के विस्तार, जनसंपर्क अभियानों और पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वत्व पर जोर और नागरिक कर्तव्य) जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर प्रस्ताव**

बैठक में बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। संघ ने वैश्विक समुदाय से इन अमानवीय कृत्यों पर गंभीरता से ध्यान देने और बांग्लादेश सरकार पर हिंसा





को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया है।

**संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक प्रभाव**

संघ ने पिछले वर्ष की तुलना में **शाखाओं की संख्या में 10,000** की वृद्धि दर्ज की है। देशभर में आयोजित **प्रारंभिक वर्गों में 2,22,962 स्वयंसेवकों की सहभागिता रही**। संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे।

**विशेष श्रद्धांजलि**

बैठक के उद्घाटन सत्र में हाल ही में दिवंगत हुईं प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनमें **डॉ. मनमोहन सिंह, उस्ताद जाकिर हुसैन, श्याम बेनेगल, एम. टी. वासुदेवन नायर, प्रीतीश नंदी, एस. एम. कृष्णा, महाराणा महेंद्र सिंह, कामेश्वर चौपाल, तुलसी गौड़ा, एन. डिसूजा, सरिगमा विजी, दोरेस्वामी नायडू, पर्वतराव, शंकरराव तत्ववादी, दीनानाथ बत्रा, डॉ. गोविंद नारेगल, बी. एन. मूर्ति, देबेंद्र प्रधान** सहित अन्य शामिल हैं।

# अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने बांग्लादेशी हिन्दुओं के समर्थन में वैश्विक एकजुटता का किया आह्वान




**बेंगलुरु, 22 मार्च 2025 – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)** की सर्वोच्च नीति-निर्माण इकाई **अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (अ. भा. प्र. स.)** ने **बांग्लादेश में हिन्दू समाज** पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित करते हुए वैश्विक समुदाय से एकजुटता दिखाने की अपील की है। यह घोषणा **संघ के सह सरकार्यवाह श्री अरुण कुमार जी** ने मीडिया को दी, जिनके साथ **प्रचार प्रमुख श्री सुनील आंबेकर जी** सहित कई वरिष्ठ प्रचारक उपस्थित रहे।

प्रस्ताव में बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा किए जा रहे हमलों, जबरन धर्मांतरण, मंदिरों की अपवित्रता और संपत्ति की लूट पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। प्रतिनिधि सभा ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपील की है कि वे इन अमानवीय कृत्यों को रोकने के लिए बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएं।

संघ ने यह भी बताया कि **1951 में बांग्लादेश** में **हिन्दू जनसंख्या 22%** थी, जो अब घटकर मात्र **7.95%** रह गई है। यह गिरावट हिन्दू समाज के अस्तित्व पर गंभीर संकट को उजागर करती है। श्री अरुण कुमार जी ने कहा कि हिन्दू समाज ने वहां लगातार शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक प्रतिरोध करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी है, जिसे भारत और विश्वभर के हिन्दुओं का नैतिक समर्थन प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम में संघ के संगठनात्मक कार्यों, सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने वाली पहलों की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ओडिशा, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में जनजातीय और वंचित समुदायों के बीच संघ का कार्य लगातार विस्तार पा रहा है। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की सहायता, मातृशक्ति के उत्थान के लिए सम्मेलन, और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद जैसे प्रयासों का उल्लेख किया गया।

भाषायी विवाद पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्पष्ट किया कि "भाषा, भोजन या क्षेत्र को समाज को बांटने का साधन नहीं बनना चाहिए, बल्कि यह हमारी एकता का आधार बनें।"

संघ की ओर से यह संदेश स्पष्ट है: बांग्लादेश के हिन्दुओं के प्रति वैश्विक संवेदनशीलता और समर्थन अब समय की आवश्यकता है, और भारत समेत पूरी दुनिया को उनके साथ एकजुट खड़े होना चाहिए।

**संघ ने दोहराया कि वह बांग्लादेशी हिन्दुओं के अधिकार, सम्मान और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा हेतु कृतसंकल्प है और वैश्विक समुदाय से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान करता है।**




# गुरुजी गोलवलकर जी की जयंती पर सेवाभारती बलरामपुर द्वारा हज़्ज़ीपुरवा में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 23 मरीजों के होंगे ऑपरेशन



**बलरामपुर, उत्तर प्रदेश - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** के **द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी (गुरुजी)** की जयंती के पावन अवसर पर सेवाभारती बलरामपुर द्वारा शिवपुरा खंड (हरैया सतघरवा) के अंतर्गत हज़्ज़ीपुरवा ग्राम में एक दिवसीय भव्य निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर पन्नालाल सरावगी लायंस आई हॉस्पिटल बलरामपुर के अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा 140 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इनमें से गंभीर नेत्र समस्याओं से पीड़ित 23 मरीजों को चिन्हित कर भविष्य में निशुल्क शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सेवाभारती गोंडा विभाग के महामंत्री बी. डी. जायसवाल जी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सेवाभारती सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के संकल्प के साथ कार्य करती है, और यह शिविर उसी भावना का सशक्त उदाहरण है।






वाभारती बलरामपुर के जिला अध्यक्ष श्री रूपेश मिश्रा जी ने इस आयोजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" की भावना को साकार करते हुए इस शिविर को एक जनसेवा का पर्व बताया। उनका समर्पण और नेतृत्व इस शिविर को सफल बनाने में अत्यंत सराहनीय रहा।

समापन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख श्री शिवराम, विहिप के जिला सेवा प्रमुख श्री धनीराम, श्री जितेंद्र राजभर सहित अनेक ग्रामवासी एवं स्थानीय समाजसेवियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और इसे समाज कल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास बताया।

इस शिविर के माध्यम से जहाँ ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हुई, वहीं सेवाभारती की सेवा भावना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी हुआ। यह आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बनकर उभरा है।

# रेवतीगंज में आयोजित भव्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्राप्त की स्वास्थ्य सेवा

**अयोध्या, उत्तर प्रदेश - सेवा भारती जिला अयोध्या** धार्मिक आस्था और सेवा की भावना के अद्भुत संगम का साक्षी बना रेवती बाबा स्थान, रेवतीगंज, जहाँ सेवा भारती जिला अयोध्या द्वारा चौरासी कोसी परिक्रमा में चल रहे पूज्य संतो एवं श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों परिक्रमार्थियों ने लाभ प्राप्त कर सेवा भारती के इस पुनीत प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

शिविर का उद्देश्य परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को थकावट, स्वास्थ्य समस्याओं, प्राथमिक उपचार एवं दवा जैसी सेवाएँ सुलभ कराना था। सेवा भारती अयोध्या द्वारा लगाए गए इस सेवा शिविर में कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा समर्पित भाव से सेवा दी गई।

**अगले वर्ष का संकल्प: पूरे चौरासी कोस में लगेगा सेवा भारती का स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र**

सेवा भारती अयोध्या ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष से संपूर्ण चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर प्रत्येक विश्राम स्थल पर 25 दिनों तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को कुशल डॉक्टरों द्वारा नियमित स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएँगी।





**गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति ने बढ़ाया शिविर का उत्साह**

इस शिविर को सफल बनाने में अनेक प्रमुख व्यक्तित्वों का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे:

- **पूर्व GST कमिश्नर माननीय श्री इंद्र प्रकाश तिवारी जी**, जिन्होंने सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।
- **सेवा भारती के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश कांत पांडे जी,** जिनके कुशल नेतृत्व में चिकित्सा सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित हुईं।
- **जिला संरक्षक अभिषेक जी,** जिनकी दूरदृष्टि से यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।
- **जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र द्विवेदी जी, उपाध्यक्ष आशीष पांडे जी, जिला मंत्री रजनीश पांडे जी, और कोषाध्यक्ष अंकित यादव जी,** जिन्होंने पूरे आयोजन की बागडोर संभालते हुए अत्यंत प्रभावशाली समन्वय किया।

सेवा भारती अयोध्या का यह संकल्प, आने वाले वर्षों में धार्मिक यात्राओं को और अधिक सुरक्षित, संगठित और सहायक बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# सेवा भारती द्वारा रामनगर की सेवा बस्ती में विशाल स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

**अयोध्या, उत्तर प्रदेश - सेवा भारती अयोध्या महानगर** द्वारा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए एक विशेष **निशुल्क स्वास्थ्य** जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रामनगर स्थित छावनिया सेवा बस्ती में किया गया। यह शिविर दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ **माननीय महानगर संघचालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पांडेय जी** के कर-कमलों द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि, "स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है, और सेवा भारती इसी दिशा में कार्य कर रही है।"

इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से **महानगर सेवा प्रमुख श्री रणजीत जी, सेवा भारती महामंत्री डॉ. सौरभ जी, उपाध्यक्ष डॉ. आभा जी, मंत्री श्री रमेश जी, नगर कार्यवाह श्री बालेंद्र जी, डॉ. उपेंद्र जी, डॉ. पंकज जी, श्री सौरभ जी, श्री देवेंद्र जी,**







**श्री अंजनी जी तथा श्री दुर्गा प्रसाद जी** शामिल रहे। सभी ने शिविर की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग करते हुए जनसेवा का आदर्श प्रस्तुत किया।

शिविर में **शुगर, बी.पी. तथा अन्य सामान्य रोगों** की नि:शुल्क जांच डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई। जांच के उपरांत मरीजों को मौके पर ही आवश्यक नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में विशेष रूप से वृद्धजन, महिलाएं और छोटे बच्चे बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए।

यह आयोजन सेवा भारती के उस संकल्प को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत संगठन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का कार्य करता है। जनसेवा के इस महायज्ञ में सहभागी सभी कार्यकर्ताओं को स्थानीय जनता की ओर से आभार एवं प्रशंसा प्राप्त हुई।

**सेवा भारती** भविष्य में भी ऐसे और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**"सेवा ही सच्चा धर्म है, यही जीवन का सार।**
**जो दूसरों के काम आए, वही होता है महान।**
**ज्ञान और संस्कार से बनता है उज्ज्वल भविष्य।**
**हर दिन कुछ अच्छा करें, यही हो प्रयास हमारा।**
**एक छोटा कदम भी बड़े परिवर्तन की शुरुआत है।"**

# सेवा भारती अयोध्या महानगर द्वारा बहादुरगंज सेवा बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 210 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**अयोध्या, उत्तर प्रदेश** — समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही **सेवा भारती अयोध्या महानगर** द्वारा बहादुरगंज स्थित सेवा बस्ती चंद्रगुप्त नगर में एक **निःशुल्क चिकित्सा शिविर** का आयोजन किया गया। इस शिविर में 210 से अधिक स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं मुफ्त वितरित की गईं।

**शिविर में डॉ. उपेंद्र जी, डॉ. पंकज जी और डॉ. अजय गुप्ता जी के नेतृत्व में अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।** चिकित्सकों ने हृदय, श्वसन, त्वचा, मधुमेह, रक्तचाप सहित कई सामान्य रोगों की जाँच की और साथ ही रोगियों को आवश्यक परामर्श व औषधियां भी प्रदान कीं।

इस अवसर पर **सेवा भारती अयोध्या महानगर** के **सेवा प्रमुख श्री रणजीत जी** ने बताया कि "सेवा भारती समाज के हर वर्ग विशेषकर वंचित एवं निर्धन समुदायों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर उसी सेवा संकल्प की एक कड़ी है। आने वाले दिनों में और भी ऐसे चिकित्सा शिविर विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे।"




शिविर के सफल संचालन में संस्था के पदाधिकारियों की विशेष भूमिका रही, **जिनमें डॉ. प्रेमचंद जी (अध्यक्ष),डॉ. आभा जी (उपाध्यक्ष),डॉ. सौरभ जी (महामंत्री),श्री रमेश जी,श्री विनोद जी (मंत्री) का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।**

संपर्क एवं संचालन टोली में भी सेवा भारती के सक्रिय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। **नगर कार्यवाह श्री अंजनी जी,सह कार्यवाह श्री आकाश जी,सेवा प्रमुख श्री देवेंद्र जी,व्यवस्था प्रमुख श्री राजेंद्र जी,स्थानीय पार्षद श्री सुनील जी** ने आयोजन की योजना, प्रचार, व्यवस्थापन एवं चिकित्सा सुविधा संचालन में दिनभर सक्रिय भूमिका निभाई।

स्थानीय जनता ने सेवा भारती की इस पहल की खुले दिल से सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों की निरंतरता की कामना की।

अगला चिकित्सा शिविर सेवा भारती द्वारा 8 जून को रामनगर स्थित कुष्ठ रोग आश्रम में आयोजित किया जाएगा। संस्था ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# सेवा भारती की अयोध्या विभागीय बैठक संपन्न: संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर हुआ मंथन


**अयोध्या,उत्तर प्रदेश - सेवा भारती अवध प्रां**त की अयोध्या विभागीय बैठक अयोध्या में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की समीक्षा करना और आगामी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करना रहा।

**बैठक में संगठन के प्रमुख कार्यक्षेत्रों – प्रचार, आपदा प्रबंधन, वैभव श्री, किशोरी विकास, दायित्व बोध, टीम वर्क एवं ऑफिस प्रबंधन – पर विस्तार से चर्चा की गई**। इन सभी विषयों में कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने और संगठनात्मक समन्वय को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

**श्री भास्कर जी, प्रांत संगठन मंत्री,श्री अभिषेक सिंह जी, प्रांत प्रचार प्रमुख,श्री सूर्य प्रकाश जी, प्रांत आपदा प्रमुख** बैठक के दौरान "वीडियो और फोटोग्राफ्स का महत्व" विषय पर एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई।






इस प्रस्तुति में बताया गया कि कैसे मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए सेवा भारती के कार्यों को समाज के सामने प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

**श्री भास्कर जी** ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि "संगठनात्मक मजबूती और टीम भावना ही सेवा भारती के कार्यों की आत्मा हैं। सेवा का भाव केवल कार्य नहीं, जीवन का ध्येय बनना चाहिए।"

**श्री अभिषेक सिंह जी** ने डिजिटल प्रचार माध्यमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि "आज का युग तकनीकी का है, और हमें सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का भरपूर उपयोग करना चाहिए।"

**श्री सूर्य प्रकाश जी** ने आपदा प्रबंधन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए राहत कार्यों को और अधिक संगठित एवं प्रभावशाली बनाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई की तैयारियों के लिए सजग रहने का संदेश दिया।

बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के भावी लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अधिक समर्पण, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## सेवा भारती की मदद से मिला आत्मनिर्भरता का संबल




**मटियारी, लखनऊ (पूर्वी उत्तर प्रदेश):**
**रुबी सिंह**, जो मटियारी के पास निवास करती हैं, ने हाल ही में जीवन के कठिन दौर से गुजरते हुए एक नई उम्मीद की किरण पाई है। **पति की मृत्यु** के बाद उत्पन्न आर्थिक संकट के समय, सेवा भारती की सक्रिय भूमिका ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया।
**सुमन बहन** के माध्यम से रुबी जी को **सेवा भारती** से जुड़ाव मिला, जिन्होंने उन्हें **सुधीर गुप्ता** जी से सम्पर्क कराया। सुधीर गुप्ता जी ने न केवल मार्गदर्शन दिया, बल्कि व्यक्तिगत रूप से प्रयास करके कई सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में सहायता की।
सुधीर जी की मदद से:

- **मुख्यमंत्री स्पॉन्सरशिप योजना** के तहत दोनों बच्चों का फॉर्म भरा गया, जिसके माध्यम से अब ₹8000 प्रतिमाह की सहायता प्राप्त हो रही है।
- **विधवा पेंशन योजना** के अंतर्गत ₹1000 प्रतिमाह की नियमित राशि मिल रही है।
- **राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना** के तहत समाज कल्याण विभाग से ₹30,000 की एकमुश्त धनराशि उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई है।

रुबी सिंह कहती हैं, "आज मेरे बच्चों की पढ़ाई व परवरिश में मदद मिल रही है, घर में आर्थिक स्थिरता आ रही है। यह सब सुधीर गुप्ता सर की वजह से संभव हो पाया। मैं सेवा भारती और सुधीर सर की दिल से आभारी हूं।"
सेवा भारती द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य न केवल आर्थिक सहायता तक सीमित है, बल्कि यह उन लोगों के लिए एक संबल बन रहा है, जो समाज में फिर से सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीना चाहते हैं।

## सेवा बस्ती बेलहा में "श्री नारायण बाल संस्कार केंद्र" का भव्य शुभारंभ

लखनऊ ,विनय खंड-5, गोमती नगर,उत्तर प्रदेश - सेवा बस्ती बेलहा में सेवा भारती द्वारा संचालित **"श्री नारायण बाल संस्कार केंद्र"** का शुभारंभ दिनांक 25 मई 2025, रविवार को गोमती नगर, विनय खंड-5 के समीप स्थित सेवा बस्ती बेलहा में किया गया। इस अवसर पर आस-पास की अजय शाखा पंचवटी सहित अन्य शाखाओं के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नगर संघचालक महेश जी, नगर कार्यवाह राजीव जी, सेवा भारती के प्रांत मंत्री उमेश जी, प्रांत कोषाध्यक्ष राजावत जी, सेवा भारती अखिल भारतीय संयोजिका विजयलक्ष्मी दीदी, प्रांत उपाध्यक्ष मनोरमा दीदी, एवं सेवा भारती पूरब मातृत्व मंडल से डॉ. चित्रा शुक्ला, डा. चित्रा सक्सेना, डा. डी.आर. अनिकेत (उत्तर भाग) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

केंद्र की प्रशिक्षिका कु. अनामिका, साथ ही केंद्र में आने वाले बच्चों, उनके माता-पिता एवं परिजनों की उपस्थिति ने आयोजन को भावपूर्ण बना दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने और केंद्र के शुभारंभ में सेवा भारती पूरब भाग के महामंत्री सुधीर जी भाई साहब की अहम भूमिका रही।
दीप प्रज्वलन का कार्य माँ भारती के चित्र के समक्ष स्वतंत्रता सेनानी एवं स्थानीय दुकानदार श्री योगेन्द्र प्रसाद जी द्वारा किया गया, जिनकी दुकान केंद्र के सामने ही स्थित है।
यह बाल संस्कार केंद्र सेवा बस्ती के बच्चों को नैतिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा देने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।





## "मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पुष्पा जी के बच्चों को मिली सहायता की किरण"

ग्राम उमरा, पोस्ट अनवारी, तहसील फतेहपुर, बाराबंकी निवासी पुष्पा जी, जिनके पति रिंकू की मृत्यु 9 दिसंबर 2024 को हो गई थी, वर्तमान में अपने तीन छोटे बच्चों के साथ अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही हैं। उनके बच्चे — अनुष (7 वर्ष), श्लोक (5 वर्ष) एवं दर्श (2.5 वर्ष) — में से दो बेटों श्लोक व दर्श को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत सहायता दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई।
इस परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है, क्योंकि परिवार का मुख्य आय स्रोत समाप्त हो चुका है। नारायण सेवा संस्थान, बरेठी में स्किल ट्रेनिंग ले रही एक बालिका के माध्यम से पुष्पा जी के परिवार की जानकारी मिली, जिसके उपरांत संस्थान की टीम द्वारा तत्काल सहायता हेतु प्रयास किए गए।
संस्थान के स्वयंसेवकों द्वारा बाराबंकी स्थित पुष्पा जी के घर पहुंचकर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत दोनों बेटों के अलग-अलग फॉर्म भरवाए गए एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए गए।
आज, दिनांक 22 मई 2025 को स्वयं संस्थान की टीम पुष्पा जी को लेकर बाराबंकी स्थित "सखी - वन स्टॉप सेंटर", महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पहुँची, जहाँ दोनों बच्चों के फॉर्म औपचारिक रूप से जमा करवाए गए।
यह प्रयास न केवल एक जरूरतमंद परिवार को सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में सहानुभूति एवं सेवा भावना का भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## "समर्पण, सेवा और संवेदना का नाम है — सुधीर जी"



सुधीर जी

**लखनऊ।** जब समाज में किसी जरूरतमंद को सहारा चाहिए होता है, जब कोई विपत्ति में घिरा होता है और रास्ता नहीं सूझता — तब कोई न कोई ऐसा व्यक्ति होता है जो निस्वार्थ भाव से मदद के लिए आगे आता है। सेवा भारती लखनऊ पूर्व के महामंत्री सुधीर जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने सेवा को ही अपना धर्म बना लिया है।

सुधीर जी का जीवन और कार्यशैली समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। वे वर्षों से गरीब, वंचित, बीमार और ज़रूरतमंद लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। चाहे किसी को चिकित्सा सहायता चाहिए हो, किसी बच्चे की शिक्षा की व्यवस्था करनी हो, या किसी बेसहारे परिवार को संबल देना हो — सुधीर जी हर मोर्चे पर सबसे पहले खड़े दिखाई देते हैं।

उनकी सबसे खास बात यह है कि वे कभी अपने कार्यों का प्रचार नहीं करते, लेकिन जिनकी मदद उन्होंने की है, वे ही उन्हें "मसीहा" कहकर बुलाते हैं। संगठन के भीतर उनकी कुशलता, व्यवहारकुशलता और नेतृत्व की क्षमता के कारण वे सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं।

सेवा भारती के कई प्रकल्प — जैसे निशुल्क चिकित्सा शिविर, गरीब बच्चों के लिए शिक्षण केंद्र, महिला सशक्तिकरण अभियान — में सुधीर जी की सक्रिय भूमिका रहती है। वे खुद भी हर छोटे-बड़े कार्य में सहभागी बनते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर व्यक्ति तक सेवा पहुंचे।

आज जब समाज को ऐसे समर्पित सेवकों की आवश्यकता है, तब सुधीर जी जैसे लोग आशा की एक मजबूत किरण बनकर सामने आते हैं।

सेवा भारती और समाज को गर्व है कि हमारे बीच सुधीर जी जैसे महान सेवाभावी कार्यकर्ता हैं।



## सेवा भारती अवध प्रांत की आगामी गतिविधियाँ

**किशोरी विकास, प्रचार प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन की दिशा में नए कदम**
**सेवा भारती, अवध प्रांत द्वारा आगामी जून माह में विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य समाज में जागरूकता, स्वावलंबन एवं सेवा-भाव को बढ़ावा देना है। आगामी कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:**

**1. किशोरी विकास वर्ग**
📅 तिथि: 7 जून से 14 जून 2025
📍 स्थान: उन्नाव ज़िला, उत्तर प्रदेश
👉 इस वर्ग में किशोरियों को आत्मरक्षा, नैतिक शिक्षा, योग, सांस्कृतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

**2. प्रचार प्रशिक्षण शिविर**
📍 **अवध प्रांत स्तर पर विशेष प्रचार प्रशिक्षण**
👉 कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता, संगठनात्मक कार्यशैली एवं प्रचार के नवीन तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे समाज में सेवा भारती के कार्यों का प्रभावी प्रचार कर सकें।

**3. आपदा प्रबंधन जिला स्तरीय प्रशिक्षण**
📍 स्थान: विभिन्न जिलों में
👉 आपदा के समय राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों में दक्षता हेतु कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**4. SDRF के साथ समझौता ज्ञापन (MoU)**
👉 सेवा भारती अवध प्रांत द्वारा SDRF (State Disaster Response Force) के साथ आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग हेतु एक महत्वपूर्ण MoU पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह साझेदारी आपदा के समय त्वरित राहत कार्यों में सहायक सिद्ध होगी।

**सेवा भारती, अवध प्रांत सतत सेवा, समर्पण एवं संस्कार के साथ समाजोत्थान के अपने संकल्प पथ पर अग्रसर है। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है।**

# सेवा भारती अवध प्रान्त

**ई -पत्रिका**

## समाज-दर्पण



### संपर्क करें:

आपका स्वागत है! यदि आपके पास सेवा भारती अवध से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी, सुझाव या प्रश्न हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें। हमारी टीम आपकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।
हमारा उद्देश्य समाज सेवा, शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। आपकी राय और सुझाव हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।


+91-8789614820

www.sewabharatiawadh.org

sevabharti.avdha@gmail.com

भरत भवन , कुंडरी रकाबगंज , लखनऊ , उत्तर प्रदेश २२६००४